**<u>जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 19.07.2025 को आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।</u>**

**जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 19.07.2025 को सायं 04:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक में सम्बन्धित विभागों को निम्न निर्देश दिये गये—**

**<u>जल जीवन मिशन</u>**

- निर्देश दिये गये कि इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी अवशेष परियोजनाओं में से परियोजनाओं में छोटे–छोटे कार्यों को मैनपावर बढ़ाकर पूर्ण करते हुए सर्टिफाइड करायें। इस कार्य की सभी सहायक अभियन्ताओं द्वारा निगरानी की जाये।
- निर्देश दिये गये कि इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी आगामी सप्ताह में 01 ओवर हैड टैंक का निर्माण कराना सुनिश्चित करें।
- निर्देश दिये गये कि जल निगम की पुरानी परियोजनाओं की डी0पी0आर0 बनाते समय यह ध्यान रखा जाये कि पुरानी परियोजनाएं किन कारणों से फेल हुई थी उन कारणों का निदान नवीन डी0पी0आर0 मे अवश्य किया जाये।
- निर्देश दिये गये कि सचिव, भारत सरकार, के द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाये।
- निर्देश दिये गये कि योजना के अन्तर्गत निर्मित ओवरहेड टैंक के जल स्रोतों को सुदृढ़ किया जाये। इस हेतु जल स्रोत के आस–पास बह रहे स्वच्छ जल को रिचार्ज किया जाये।
- निर्देश दिये गये कि योजना के अन्तर्गत निर्मित सभी ओवरहेड टैंक तक मनरेगा से पंहुच मार्ग बनाये जाये।
- निर्देश दिये गये कि प्रत्येक सप्ताह हर–घर जल सर्टिफिकेशन बढ़ना चाहिए। यह प्रगति पोर्टल पर भी फीड करायें।
- ओम इन्फ्रा कम्पनी को निर्देश दिये गये कि मैनपावर बढाते हुए अवशेष सभी छोटे–छोटे कार्यों को पूर्ण कर पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करें।
- निर्देश दिये गये कि ओम इन्फ्रा कम्पनी आगामी 01 माह में सभी 54 परियोजनाओं को सर्टिफाइड करायें।
- निर्देश दिये गये कि ओम इन्फ्रा कम्पनी यह बतायें कि कितने ओवर हैड टैंक आर0सी0सी0 के बनेगे तथा कितने जिंक एल्यूमिनियम के बनाये जायेंगे ?
- निर्देश दिये गये कि ओम इन्फ्रा कम्पनी अपने सभी कार्यों को 04 कैटेगरी में विभाजित करते हुए कार्य की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।**

Digitally signed by
Ramesh Chandra
Date: 21-07-2025
16:33:24

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,
इटावा।

**।। कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, इटावा।।**

**पत्रांक 205 /डीएसटीओ/विकास प्राथमिकता कार्यक्रम/बैठक कार्यवृत/2025–26 दिनांकः 21-07-25**

**प्रतिलिपि–**

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. समस्त सम्बन्धित अधिकरियों को अनुपालनार्थ प्रेषित।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,
इटावा।